भारत सरकार/GOVERNMENT OF INDIA
खान मंत्रालय/MINISTRY OF MINES
भारतीय खान ब्यूरो/INDIAN BUREAU OF MINES
क्षेत्रीय कार्यालय विजयवाड़ा/ REGIONAL OFFICE VIJAYAWADA
तृतीय तल, स्टालिन सेन्ट्रल, एम. जी. रोड/3rd Floor, Stalin Central, M.G. Road,
गवर्नरपेट, विजयवाड़ा, आंध्र प्रदेश – 520002/Governorpet, Vijayawada, Andhra Pradesh - 520002
फ़ोन नं. +91 (0) 866 – 2570016, ई-मेल/Email- ro.vijayawada@ibm.gov.in

Reg. AD/Speed Post/
Email/Fax

File No.- E-11017/1/2025-VIWD-IBM_RO_VJWD Date: 12/06/2026

सेवा में,
राजभाषा अधिकारी,
भारतीय खान ब्यूरो,
नागपुर।
विषय- कार्यालय में आयोजित हिंदी कार्यशाला के संबंध में।

महोदय,
आपको सूचित किया जाता है कि वित्त वर्ष 2026-27 की प्रथम तिमाही (अप्रैल 2026 से जून 2026 तक) के दौरान इस कार्यालय में दिनांक 12/06/2026 को एक दिवसीय हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया गया। आयोजित कार्यशाला की विस्तृत रिपोर्ट आपके सूचनार्थ एवं आगामी कार्यवाही हेतु इस पत्र के साथ संलग्न है।

यह पत्र उप खान नियंत्रक एवं कार्यालय प्रभारी, भारतीय खान ब्यूरो के अनुमोदन उपरांत जारी किया जा रहा है।

संलग्न-
1. रिपोर्ट
2. फोटोग्राफ,
3. कार्यशाला में भाग लेने वाले अधिकारियों/ कर्मचारियों की उपस्थिति सूची।

भवदीय,

Digitally signed by
SHAIVAL KARTIKEYA
Date: 18-06-2026
10:41:54

(**शैवाल कार्तिकेय**)
हिंदी संपर्क अधिकारी एवं
वरिष्ठ खनन भूविज्ञानी

**प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं अग्रिम कार्यवाही हेतु प्रस्तुत है कृपया :-**

**1.** खान नियंत्रक (दक्षिण अंचल), भारतीय खान ब्यूरो, बेंगलुरु - 560022

(**शैवाल कार्तिकेय**)
हिंदी संपर्क अधिकारी एवं
वरिष्ठ खनन भूविज्ञानी

**भारत सरकार**
**खान मंत्रालय**
**भारतीय खान ब्यूरो**
**विजयवाड़ा क्षेत्रीय कार्यालय**

# हिंदी कार्यशाला रिपोर्ट

**अवधि** : दिनांक- 12/06/2026 (एक दिवसीय) 11 बजे पूर्वाह्न से 2 बजे अपराह्न तक ।

भाग लेने वाले अधिकारी एवं कर्मचारियों की संख्या: 13

दिनांक 12/06/2026 को विजयवाड़ा क्षेत्रीय कार्यालय में एक दिवसीय हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में कार्यालय के 13 अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उपस्थिति दर्ज की। कार्यशाला का उद्देश्य कार्यालयीन कार्यों में हिंदी के प्रभावी उपयोग को प्रोत्साहित करना था। इस कार्यशाला की अध्यक्षता श्री दर्शन दीप भारद्वाज, उप खान नियंत्रक एवं कार्यालय प्रभारी द्वारा की गयी ।

इस अवसर पर अतिथि वक्ता के रूप में श्री धीरज राय, ए.जी. कार्यालय और सुश्री सुष्मिता रजक, पासपोर्ट कार्यालय से पधारे। उन्होंने अपने संबोधन में राजभाषा अधिनियम,1963 और राजभाषा नियम, 1976 के अंतर्गत केंद्रीय कार्यालयों में राजभाषा के प्रयोग हेतु बताये गए दिशा-निर्देशों से अवगत कराया एवं सरकारी कार्यों में हिंदी की उपयोगिता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कार्यालयीन पत्राचार में शुद्ध एवं सरल हिंदी के प्रयोग पर बल दिया।

तत्पश्चात श्री शैवाल कार्तिकेय , वरिष्ठ खनन भूविज्ञानी एवं हिंदी संपर्क अधिकारी ने हिंदी के प्रगतिशील महत्व पर अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने हिंदी को जनसंपर्क एवं प्रशासन की सशक्त भाषा बताया।

कार्यशाला के अंत में श्री दर्शन दीप भारद्वाज , उप खान नियंत्रक एवं कार्यालय प्रभारी ने हिंदी कार्यशाला के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों से हिंदी के अधिकाधिक प्रयोग का आह्वान किया। हिंदी कार्यशाला में मंच का संचालन श्री राहुल वत्स, सहायक द्वारा की गयी। हिंदी कार्यशाला का समापन श्री शैवाल कार्तिकेय, वरिष्ठ खनन भूविज्ञानी एवं हिंदी संपर्क अधिकारी के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।


(**शैवाल कार्तिकेय**)
हिंदी संपर्क अधिकारी एवं
वरिष्ठ खनन भूविज्ञानी







1. एक दिवसीय हिंदी कार्यशाला के आयोजन में उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों एवं अतिथि वक्ता के रूप में पधारे श्री धीरज राय, ए.जी. कार्यालय और सुश्री सुष्मिता रजक, पासपोर्ट कार्यालय का कार्यशाला अध्यक्ष के द्वारा स्वागत किया गया।




2. अतिथि वक्ताओं दवारा राजभाषा अधिनियम,1963 और राजभाषा नियम, 1976 के अंतर्गत केंद्रीय कार्यालयों में राजभाषा के प्रयोग हेतु बताये गए दिशा-निर्देशों से अवगत कराया गया ।




3. वरिष्ठ खनन भूविज्ञानी एवं हिंदी संपर्क अधिकारी श्री शैवाल कार्तिकेय द्वारा हिंदी के प्रगतिशील महत्व पर अपने विचार व्यक्त करते हुए ।




4. उप खान नियंत्रक एवं कार्यालय प्रभारी श्री दर्शन दीप भारद्वाज कार्यालय में राजभाषा हिंदी के अधिकाधिक प्रयोग हेतु सभी अधिकारियों तथा कर्मचारियों को प्रोत्साहित करते हुए ।

5. कार्यशाला में उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों की उपस्थिति पत्रक:

भारतीय खान ब्यूरो
क्षेत्रीय कार्यालय विजयवाड़ा
हिंदी कार्यशाला

दिनांक: 12/06/2026

| क्र. सं. | नाम | पदनाम | हस्ताक्षर |
|---|---|---|---|
| 1 | श्री दर्शन दीप भारद्वाज | उप खान नियंत्रक एवं प्रभारी | [illegible] |
| 2 | श्री शैवाल कातिकिय | वरिष्ठ खनन भूविज्ञानी | शैवाल 12/06/2026 |
| 3 | श्री दामोदर प्रसाद शर्मा | वरिष्ठ सहायक खान नियंत्रक | छुट्टी पर |
| 4 | श्री संदीप कुमार बर्मन | कनिष्ठ खनन भूविज्ञानी | दौरे पर |
| 5 | श्री कृष्ण कुमार ध्रुव | सहायक खान नियंत्रक | दौरे पर |
| 6 | श्री रमेन बिश्वास | सहायक खान नियंत्रक | रमेन बिश्वास |
| 7 | श्री संतोष कुमार गुईं | सहायक खान नियंत्रक | दौरे पर |
| 8 | श्री मुकेश कुमार राम | सहायक खान नियंत्रक | मुकेश कुमार |
| 9 | श्री जितेन्द्रिय प्रधान | सहायक खनन अभियंता | [illegible] |
| 10 | श्री अज़मतुल्लाह शरीफ | निजी सचिव | [illegible] |
| 11 | श्री अंकुर किशोर | सहायक खनन अभियंता | अंकुर किशोर 12/06/26 |
| 12 | श्री रविंद्र गहलोत | सहायक खनन अभियंता | रविन्द्र 12/6/26 |
| 13 | श्री दासारि मणिकंठा प्रसाद | वरिष्ठ तकनीकी सहायक | दमप्र 12/06/26 |
| 14 | श्री आरिशेट्टी धनंजय | वरिष्ठ तकनीकी सहायक | धनंजय 12/6/26 |
| 15 | श्री राहुल वत्स | सहायक | राहुल वत्स। |
| 16 | श्री बी. चौधरी | यू. डी. सी. | छुट्टी पर |
| 17 | श्री भानु प्रताप | स. भ. पा. | छुट्टी पर. |
| 18 | श्री संतोष कुमार मीणा | एम. टी. एस. | एस. मीना 12/6/26 |
| 19 | सुश्री एम. लक्ष्मी श्राव्या | एम. टी. एस. | एम. लक्ष्मी श्राव्या 12/6/26 |